# विश्व स्वास्थ्य संगठन पर बरसे डोनाल्ड ट्रंप

संकट

## कहा, कोरोना वायरस संकट पर चीन का बहुत ज्यादा पक्ष लिया

दुनियाभर में अब तक कोरोना वाइरस से 21 हजार लोग मारे जा चुके हैं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। किलर कोरोना वायरस से दुनियाभर में अब तक 21 हजार लोग मारे जा चुके हैं। इस महासंकट से अब तक 196 देश प्रभावित हैं और करीब पौने पांच लाख लोग इससे संक्रमित हैं। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन पर निशाना साधा है। ट्रंप ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने कोरोना वायरस संकट पर चीन का बहुत ज्यादा पक्ष लिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि दुनियाभर में कई लोग डब्ल्यूएचओ के रवैये से नाखुश हैं और यह महसूस करते हैं कि यह बहुत गलत हुआ। ट्रंप ने यह जवाब डब्ल्यूएचओ के चीन के तरफदारी करने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब डब्ल्यूएचओ के डायरेक्टर टेडरोस अधनोम चीन को लेकर दुनियाभर में कई लोगों के निशाने पर चल रहे हैं।



**अमेरिका में कोरोना से एक हजार लोगों की मौतः** कोरोना संकट से सुपर पावर अमेरिका भी बेहाल हो गया है। अमेरिका में कोरोना वायरस से एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है और पॉजिटिव केस 65,000 के पार हो गया है। वैश्विक महामारी को अमेरिका में तेजी से जड़ें जमाते देख राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क समेत कई राज्यों के लिए बड़ी घोषणाओं को मंजूरी दी है। जॉन्स हॉफ्किन्स कोरोना वायरस ट्रैकर के अनुसार, अमेरिका में कोरोना वायरस से 1,031 लोगों की मौत हो चुकी है और 68,572 लोग संक्रमित हैं।

चीन और इटली के बाद सबसे अधिक संक्रमण के मामलों में अमेरिका तीसरे नंबर पर है। उधर, वॉशिंगटन डीसी प्रशासन ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए 24 अप्रैल तक सभी गैर जरूरी कारोबारी गतिविधियां बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने कोरोना महामारी को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिया है और न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, वॉशिंगटन, आयोवा, लुसियाना, नॉर्थ कैरोलिना, टेक्सस और फ्लोरिडा के लिए प्रमुख आपदा घोषणाओं को मंजूरी दी है। हाल के इतिहास में संभवतरू यह पहली बार है जब छह से अधिक राज्यों में जन स्वास्थ्य पर प्रमुख आपदा घोषणाओं को मंजूरी दी गई है।

**अमेरिका के ये राज्य जो हो गए हैं पस्तः** न्यूयॉर्क शहर में हालात बदतर होते जा रहे हैं। यह शहर देश में कोविड–19 का केंद्र बन चुका है। मंगलवार तक न्यूयॉर्क में संक्रमित लोगों की संख्या 30,000 को पार कर गई और कम से कम 285 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा न्यू जर्सी में 4,402 मामले सामने आए और 62 लोगों की मौत हुई। वहीं कैलिफॉर्निया में करीब 3,000 मामले सामने आए और 65 लोगों की मौत हो गई। ये सभी राज्य लॉकडाउन हैं।

## न्यूज डायरी



### चीन के हुबेई में कोरोना कैदश से मिली छुट्टी, बसों और ट्रेनों में उमड़ी भारी भीड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेइचिंग। करीब 3 महीने तक कोरोना वायरस की मार झेलने के बाद चीन के हुबेई प्रांत में ट्रैवल प्रतिबंधों को हटा लिया गया है। प्रतिबंधों के हटने के बाद हुबेई प्रांत में जब ट्रेन और बस सेवा शुरू हुई तो लोगों की भारी भीड़ नजर आई। सभी लोग अपने रिश्तेदारों, दोस्तों से मिलने के लिए बेकरार नजर आए। और होते भी क्यों नहीं, इतने लंबे समय बाद उन्हें आजादी से जीने का मौका जो मिला है। हुबेई प्रांत के ही वुहान शहर में पहली बार कोरोना वायरस की शुरुआत हुई थी। इसके बाद आज यह वायरस 196 देशों में फैल चुका है। महामारी बन चुके इस वायरस की चपेट में आकर अब तक चीन में 3,287 लोगों की और पूरी दुनिया में 21 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। इस महामारी को रोकने के लिए हुबेई में करीब 2 महीने तक बेहद सख्त तरीके तक लॉकडाउन रखा गया था।

### पाकिस्तान में कोरोना से संक्रमित 1000 के पार, मेडिकल सप्लाई भेजने को चीन तैयार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या 1000 को पार कर गई है और 9 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। पाक मीडिया के मुताबिक स्वास्थ्य पर पीएम इमरान के विशेष सहायक डॉ.जफर मिर्जा ने बताया कि कोरोना मरीजों में अधिकांश की उम्र 21 से 30 साल के बीच है। बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए इमरान खान सरकार ने पूरे देश में सेना उतार दी है। पीएम इमरान खान खुद आइसोलेशन सेंटर में जाकर तैयारी का जायजा ले रहे हैं। इस बीच, चीन ने पाकिस्तान से मांग की है कि वह अपनी सीमा खोले ताकि जरूरी सप्लाई की जा सके। उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण सभी देशों ने एक–दूसरे के साथ लगने वाली अपनी सीमाओं को बंद कर दिया है।

### बगदाद के ग्रीन जोन में दो रॉकेट हमले, निशाना संभवतः अमेरिकी दूतावास था

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद के उच्च सुरक्षा वाले इलाके में बृहस्पतिवार की सुबह दो रॉकेट दागे गये। यह इलाका 'ग्रीन जोन' कहलाता है और यहां अन्य देशों के दूतावास तथा सरकारी इमारतें हैं। सेना ने यह जानकारी दी। इराक के एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि ऐसा लगता है कि इस हमले का निशाना अमेरिकी दूतावास था, जो उस स्थल से कुछ ही दूरी पर है जहां ये रॉकेट आकर गिरे। इराक में विदेशी सैनिकों या राजनयिकों के ठिकानों को निशाना बनाकर पिछले साल अक्टूबर से हो रहे हमलों की कड़ी में यह 26वां हमला है।

### आंखोंदेखी, जब आतंकी ने तान दी बंदूक जान बचाकर भागा श्रद्धालु

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काबुल। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बुधवार को गुरुद्वारे पर हुए आतंकी हमले में 27 निर्दोष लोगों की मौत हो गई है। घटना की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट खोरासन ने ली है लेकिन माना जा रहा है कि उसकी आड़ में यह हमला आईएसआई ने लश्कर–ए–तैयबा और हक्कानी नेटवर्क के साथ मिलकर करवाया है। जिस वक्त यह हमला हुआ तब 150 लोग गुरुद्वारे में मौजूद थे जिसमें कई बच्चे भी शामिल थे। हर तरफ चीख–पुकार मची हुई थी और उस अनुभव से आज भी बच्चे डरे हुए हैं। इस घटना के गवाह बने लोगों ने आंखोंदेखा हाल सोशल मीडिया पर साझा किया जिसमें सिख सांसद नरिंद्र सिंह भी हैं। वहीं, गुरुद्वारे में ही रहने वाले एक श्रद्धालू ने बताया कि वह और उनका परिवार गुरुद्वारे के एक कोने में दुबके हुए थे। उन्होंने कहा कि वह अपने अंकल के साथ सुबह 8 बजे गुरुद्वारे के एक कमरे में गए तो3 लोगों का शव पड़ा हुआ था जिनमें दो सिख थे और एक सिक्योरिटी यूनिफॉर्म में मौजूद था। उन्होंने आगे एक आतंकी को देखा, जिसे उन्होंने पहले सुरक्षाकर्मी समझ लिया था। आतंकी ने उनके ऊपर गोली चला दी और किसी तरह जान बचाकर निकले।

### छिन गई 2.5 लाख भारतीय स्टूडेंट्स के सिर से छत, भारतवंशी होटल मालिक दे रहे शरण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। कोरोना वायरस के मद्देनजर लॉकडाउन जैसे जरूरी कदम उठाए जाने के बाद अमेरिका में कई भारतीय स्टूडेंट्स फंस गए हैं। अब उनकी मदद के लिए खुद भारतवंशी अमेरिकी होटल मालिक आगे आए हैं। उन्हें वहां मुफ्त में रहने और खाने की पेशकश की गई है। देश में 2,50,000 से अधिक भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। ज्यादातर जिन होटलों की पेशकश की गई है वे यूनिवर्सिटी और कॉलेजों के आसपास हैं लेकिन समुदाय के नेताओं की अपील के बाद देशभर में बड़ी संख्या में होटल मालिक आगे आए हैं। हॉस्टल खाली करने के लिए कहने और भारत द्वारा 22 मार्च से 7 दिन के लिए अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक लगाने के कारण कई छात्रों के सिर पर छत भी नहीं रही है। भारतीय दूतावास की अपील के बाद बुधवार तक उन्हें करीब 700 होटलों में 6,000 से अधिक कमरों में रहने की पेशकश की गई।

भारतीय दूतावास छात्रों के लिए पिछले हफ्ते से ही चौबीसों घंटे हेल्पलाइन चला रहा है। अमेरिका में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने ट्वीट किया, यह देखकर खुशी हो रही है कि भारतीय, भारतीय अमेरिकी और अन्य होटल मालिक संकट के इस समय में लोगों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं।



### इटली में एक दिन में 743 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रूस। रूस का एसयू–57 फाइटर जेट पांचवीं पीढ़ी का सबसे आधुनिक स्टील्थ फाइटर जेट है। अपनी कई खूबियों के कारण यह रेडार की पकड़ में नहीं आता है और दुश्मन के इलाके में आसानी से हमला कर सकता है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने एसयू–57 का एक विडियो पोस्ट किया है। इसमें यह सुखोई जेट आकाश में सीधे उड़ान भरते हुए हवा से हवा में करने में सक्षम मिसाइल दागते नजर आ रहा है। यह अद्भुत इसे दुनिया का मारक फाइटर जेट बनाती है। इससे किसी भी दुश्मन विमान को आसानी से निशाना बनाया जा सकता है।

## कोरोना वायरस अमेरिका में ले चुका है 1000 से ज्यादा जानें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका में कोरोना वायरस से एक हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है और पॉजिटिव केस 65,000 के पार हो गया है। वैश्विक महामारी को अमेरिका में तेजी से जड़ें जमाते देख राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क समेत कई राज्यों के लिए बड़ी घोषणाओं को मंजूरी दी है। जॉन्स हॉफ्किन्स कोरोना वायरस ट्रैकर के अनुसार, अमेरिका में कोरोना वायरस से 1,031 लोगों की मौत हो चुकी है और 68,572 लोग संक्रमित हैं। चीन और इटली के बाद सबसे अधिक संक्रमण के मामलों में अमेरिका तीसरे नंबर पर है।

**65,000 पार पाजिटिव केस**

उधर, वॉशिंगटन डीसी प्रशासन ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए 24 अप्रैल तक सभी गैर जरूरी कारोबारी गतिविधियां बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप ने कोरोना महामारी को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर दिया है और न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, वॉशिंगटन, आयोवा, लुसियाना, नॉर्थ कैरोलिना, टेक्सस और फ्लोरिडा के लिए प्रमुख आपदा घोषणाओं को मंजूरी दी है। हाल के इतिहास में संभवतरू यह पहली बार है जब छह से अधिक राज्यों में जन स्वास्थ्य पर प्रमुख आपदा घोषणाओं को मंजूरी दी गई है।

**अमेरिका के ये राज्य जो हो गए हैं पस्तः** न्यूयॉर्क शहर में हालात बदतर होते जा रहे हैं। यह शहर देश में कोविड–19 का केंद्र बन चुका है। मंगलवार तक न्यूयॉर्क में संक्रमित लोगों की संख्या 30,000 को पार कर गई और कम से कम 285 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा न्यू जर्सी में 4,402 मामले सामने आए और 62 लोगों की मौत हुई। वहीं कैलिफॉर्निया में करीब 3,000 मामले सामने आए और 65 लोगों की मौत हो गई। ये सभी राज्य लॉकडाउन हैं। अमेरिका में कोरोना वायरस से पहली मौत का मामला वॉशिंगटन से सामने आया है। वहां संक्रमित लोगों की संख्या 2,588 है और 130 लोग जान गंवा चुके हैं।

### संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने काबुल गुरुद्वारा हमले की निंदा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने काबुल में एक गुरुद्वारे पर हमले की निंदा करते हुए दोहराया कि नागरिकों के खिलाफ हमले अस्वीकार्य हैं और ऐसे हमले करने वालों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के एक प्रमुख गुरुद्वारे में सशस्त्र आत्मघाती हमलावरों के हमले में बुधवार को कम से कम 25 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गए। अफगानिस्तान में अल्पसंख्यक सिख समुदाय पर यह अब तक के सबसे घातक हमलों में से एक है। अफगानिस्तान में पहले भी सिखों को निशाना बनाते रहे इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी समूह ने इसकी जिम्मेदारी ली है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बुधवार को एक बयान में कहा, ''महासचिव काबुल में सिख–हिंदू मंदिर में हमले की निंदा करते हैं जिसमें कई नागरिक मारे गए और घायल हो गए। वह पीड़ितों के परिवार के प्रति गहन सहानुभूति व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।''